an>

Title: Need to increase air services between Delhi, Surat and Mumbai.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे ज़ीरो ऑवर में अपनी बात रखने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करती हूँ। पिछले पांच सालों में भी मैंने यही प्रश्न बार-बार उठाया है। हाल ही में एयर इण्डिया ने, सूरत को दिल्ली से जोड़ती हुई रोज़ की एक ही फ्लाइट, जो काफी संघर्ष के बाद हमें मिली थी, उसके शिड्युल में चेंज कर दिया है। ज्यादा कनेक्टिविटी के बजाय जो कनेक्टिविटी हमें मिलती है, उसमें भी कटौती हो गई है। दिन में भी कटौती हो गई। उसी के साथ प्राइवेट एयरलाइन को जो फ्लाइट मिलती है, उनमें फुल फ्लाइट जाती है। हम सब सांसद जो यहां साऊथ गुजरात से बिलॉन्ग करते हैं, Surat is the fastest developing city of Asia. डायमंड उद्योग, टैक्सटाइल उद्योग और व्यापार के लिए भी बहुत जरूरी है कि उनकी कनैक्टिविटी में यह किया जाए। मुंबई वैसे भी ओवरक्राउडेड हो गया है तो हम लोगों ने एक होपिंग फ्लाइट भी मांगी है कि सूरत, मुम्बई और दिल्ली के लिए सुबह आ कर, काम खत्म कर के शाम को चले जाएं, ऐसी कोई फ्लाइट दी जाए। इसके लिए मैं आपसे विनती करती हूँ। आज उड्डयन मंत्री जी ने हमें समय भी दिया है। साउथ गुजरात और मुम्बई के मेरे साथी सांसद भी हैं। इन सभी सांसदों की ओर से मैं ज्यादा कनैक्टिविटी की मांग करती हूँ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री सी.आर. पाटील,

श्री विनायक भाऊराव राऊत एवं

श्री अरविंद सावंत स्वयं को श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।